साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## विकास यात्रा की आवश्यक तैयारी हेतु जिला पंचायत सीईओ श्रीमती त्रिपाठी प्रभारी अधिकारी नियुक्त

रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने रायगढ़ जिले में प्रस्तावित विकास यात्रा के आवश्यक तैयारी, पर्यवेक्षण एवं रिपोर्टिंग हेतु जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रस्तावित विकास यात्रा अंतर्गत आमसभा एवं स्वागत स्थल पर सीईओ श्रीमती त्रिपाठी के आवश्यक सहयोग के लिए प्रशिक्षु आईएएस सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की ड्यूटी लगाई गई है। सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी का मोबाईल नंबर 8377994233 है।

## अनुसूचित जनजाति वर्ग के 7 छात्र छत्तीसगढ़ पीईटी परीक्षा में उत्तीर्ण

### कलेक्टर ने दी बधाई

रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी की विशेष पहल अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से विकासखण्ड खरसिया के एकलव्य आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पीईटी की आवश्यक तैयारी हेतु शिक्षकों द्वारा कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करायी गई थी। साथ ही इसके अतिरिक्त संस्था के शिक्षकों द्वारा भी छात्रों को रात में कोचिंग प्रदान की जा रही थी। उक्त संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 7 छात्रों ने पीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की है। ज्ञातव्य है कि इसी वर्ष इस संस्था से 3 छात्रों ने जेईई मेन्स की भी परीक्षा उत्तीर्ण की है। कलेक्टर ने पीईटी परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को अपनी शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अनुसूचित जनजाति वर्ग के जिन 7 छात्रों ने पीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण की है, इनमें नरेश सिदार, सियाम्बर, उपेन्द्र, रणवीर, कान्हा सिदार, अश्विन नगेशिया एवं दिगम्बर शामिल है।

## शहीद नंदकुमार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 25 को

रायगढ़। झीरम घाटी नरसंहार मे शहीद हुये छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र, कांग्रेस के जन जन के नेता शहीद नंदकुमार पटेल एवं शहीद दिनेश पटेल की पुण्य स्मृति मे25 मई शुक्रवार को



जिला कांग्रेस भवन मे सुबह 10 बजे से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। शहीद नेताओं की आत्मशांति हेतु स्थानीय गुरुद्वारा संघ सभा की ओर से शबद कीर्तन व नगर की प्रख्यात आध्यात्मिक संस्था दिव्य जीवन संघ की ओर से सत्संग एवं प्रार्थना सभा भी क्रमशः आयोजित की गई है। अतः जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इस संताप के क्षण मे कांग्रेस के शहीद नेताओं को एक साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्मशांति की प्रार्थना हेतु समस्त कांग्रेसजनों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीता नेवारे ने किया

### लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ

रायगढ़। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशन में स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध किरोड़ीमल शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में एसिड हमलों के सभी पीड़ितों को प्राथमिकता के आधार पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई। जिसका शुभारंभ प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ श्रीमती गीता नेवारे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ श्रीमती गीता नेवारे ने जिला चिकित्सालय रायगढ़ के उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा चिकित्सा हेतु उपस्थित मरीज एवं अन्य आमजन को उक्त योजना के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि एसिड हमलों के सभी पीड़ितों को उक्त क्लीनिक के माध्यम से कानूनी सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही एसिड की अवैध बिक्री के संबंध में कानून में दिए गए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए यह बताया गया कि यदि एसिड की अवैध बिक्री की घटना पायी जाती है तो तत्काल इसकी सूचना संबंधित विभाग एवं पुलिस को दिया जाना चाहिए। शान्तनु कुमार देशलहरे के द्वारा एसिड हमलों के पीड़ित के संबंध में धारा 164 दण्ड प्रक्रिया संहिता में दिए गए प्रावधानों के बारे में बताया गया तथा एसिड हमलों के पीड़ितों के लिए बिना विलम्ब के अंतरिम क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार के लिए 15 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कारों के लिए 2018-19 हेतु 15 सितम्बर 2018 तक वेबसाईट www.padmaawards.gov.in में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है।

# पाक ने उड़ी सेक्टर से सटे इलाकों में, भारतीय सैन्य चौकियों पर गोलाबारी की

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू के सीमावर्ती इलाकों में गोलाबारी जारी रखने के बाद पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर में उड़ी सेक्टर के अंतर्गत एलओसी पर स्थित अग्रिम भारतीय सैन्य व नागरिक ठिकानों पर भी गोलाबारी शुरु कर दी है। भारतीय जवानों ने भी पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया है। हालांकि दोनों तरफ हुए नुकसान की तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है। लेकिन एलओसी पर स्थित इलाकों में तनाव और डर का माहौल पैदा हो गया है। यहां मिली



जानकारी के अनुसार, पाकिस्तानी सैनिकों ने उड़ी सेक्टर में बीती रात करीब साढ़े नौ बजे कमलकोट व उसके साथ सटे इलाकों में स्थित भारतीय सैन्य चौकियों पर गोलाबारी शुरु की। भारतीय सैनिकों ने इस गोलाबारी का जवाब नहीं दिया बल्कि अगले इलाकों में गश्त कर रहे जवानों व नाका पाटियों को घुसपैठ की आशंका के चलते पूरी तरह सचेत कर दिया। करीब 15 मिनट बाद यह गोलाबारी थम गई। करीब एक घंटा शांत रहने के बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने फिर भारतीय ठिकानों पर फिर गोलाबारी शुरु कर दी। इस बार पाकिस्तानी सैनिकों ने मोर्टार के गोलों के साथ साथ तोपखाने का भी इस्तेमाल किया। भारतीय जवानों ने पाकिस्तानी गोलाबारी की तीव्रता को बड़ते देख जवाबी फायर किया और उसके बाद दोनों तरफ से एक दूसरे के ठिकानों पर आधी रात के बाद करीब साढ़े बारह बजे तक गोलाबारी होती रही। संबंधित सैन्याधिकारियों ने बताया कि आज तड़के करीब तीन बजे पाकिस्तानी सैनिकों फिर गोलबारी शुरु की ,लेकिन उसी समय भारतीय जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तानी सैनिक शांत हो गए। उड़ी स्थित एक सैन्याधिकारी ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा की गई गोलाबारी में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्रा को दिल्ली हाई कोर्ट से मिला न्याय

### दिल्ली विश्वविद्यालय को देना पड़ेगा गोल्ड मेडल

नई दिल्ली (आरएनएस)। वर्ष 2012-14 के परास्नातक (समाजशास्त्र) के परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक अंक हासिल करने के बावजूद गोल्ड मेडल से वंचित छात्रा प्रतिची मजूमदार को आखिरकार दिल्ली हाई कोर्ट से न्याय मिल गया। छात्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने कहा कि मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहा। डीयू के स्तर पर मेडल की सूची तैयार करने में लापरवाही हुई। याची जैसी प्रतिभावान छात्रा को उसके गोल्ड मेडल पाने के हक से वंचित नहीं रखा जा सकता है। सबसे ज्यादा अंक हासिल करने वाला ही गोल्ड मेडल पाने का हकदार है। न्यायमूर्ति ने डीयू प्रशासन को आदेश दिया कि याची प्रतिची मजूमदार को कुंदा दातार गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाए।

## मुंबई के एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में लालू हुए भर्ती, इलाज में जुटी 7 डॉक्टरों की टीम

पटना (आरएनएस)। इलाज के लिए छह हफ्ते की जमानत पर रिहा किए गए राजद प्रमुख लालू प्रसाद को मुंबई के बांद्रा



कुर्ला कांप्लेक्स स्थित एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में बुधवार को दोपहर पौन बजे भर्ती कराया गया। 69 वर्षीय लालू के इलाज में अस्पताल के सात डॉक्टरों की टीम जुटी है। हालांकि अन्य कई विभागों के डॉक्टर भी जरूरत के हिसाब से बुलाए जा रहे हैं, किंतु मुख्य रूप से इलाज हृदय रोग विशेषज्ञ रामाकांत पंडा की टीम कर रही है। करीब तीन साल पहले लालू की बाइपास सर्जरी भी रामाकांत पंडा ने ही की थी। राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने बताया कि सात डॉक्टरों की टीम में फिजीशियन, सर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट (किडनी रोग विशेषज्ञ), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल हैं।

## पत्थरबाज को जीप पर बांधकर घुमाने वाले मेजर गोगोई गिरफ्तार

श्रीनगर (आरएनएस)। पत्थरबाजों को खदेड़ने के लिए एक पत्थरबाज को अपनी जीप पर बांधकर सुर्खियां बटोरने वाले मेजर लीतुल गोगोई और एक महिला समेत तीन लोगों को पुलिस ने बुधवार को हिरासत में ले लिया। ग्रीष्मकालीन राजधानी के एक होटल में मेजर के कमरे में जा रहे महिला और उसके साथ आए युवक को होटलकर्मियों ने रोका तो मारपीट की नौबत आ पहुंची थी। आइजी पुलिस (कश्मीर रेंज) डॉ. एसपी पाणि ने एसपी रैंक के एक अधिकारी को जांच सौंप दी है। पुलिस ने सैन्य अधिकारी के नाम की पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्रों ने दावा किया है कि सैन्य अधिकारी कोई और नहीं, बल्कि सेना की 53 आरआर से संबंधित मेजर लीतुल गोगोई है। उन्होंने 9 अप्रैल 2017 में श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव के दौरान बीरवाह में पत्थरबाजों को काबू करने के लिए एक पत्थरबाज को ही मानव ढाल बनाकर अपनी जिप्सी के आगे बांध दिया था।

# सीएम के आगमन को लेकर बीजेपी व प्रशासनिक अमले ने कसी कमर

रायगढ़। जिले में मुख्यमंत्री के विकास यात्रा के मद्देनजर प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर भाजपा नेताओं ने कमर कस ली है। जिसमें प्रदेश के मुखिया डॉ. रमन सिंह की सभा में भीड़ व रूट चार्ट के लिए जद्दोजहद कर रहे है। हालाकि प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री की सभा से लेकर रूकने तक की तैयारियां लगभग पूर्ण की जा चुकी है। शहर सहित जिले भर के छोटे से बड़े नेताओं के द्वारा जोश खरोश से पाटी के सभी निर्देश का परिपालन करतें नजर आ रहें है। एक तरह से मुख्यमंत्री विकास रथ डिसचार्ज नेता कार्यकर्ताओं को एक्टिव कर दिए है। हाल यह है कि जिले में किसी भी मंडल प्रकोष्ठ की बैठक में पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शमिल हो रहे है । देखा जाए तो आगामी पांच माह बाद प्रदेश विधान सभा चुनाव है,जो एक तरह से पार्टी इस चुनाव में जीत का परचम विकास यात्रा के बदौलत करने की तैयारी में है। विकास यात्रा के मद्देनजर जिला प्रशासन के साथ साथ पुलिस प्रशासन किसी भी तरह की कोई भी कोताही नही बरतना चाह रही है। आलम यह है कि प्रशासनिक अमला सुरक्षा व अन्य की पड़ताल सभा स्थल का मौका मुआयना कर रही है। जिसमें प्रशासन ने बकायदा नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए है। वही मुख्यमंत्री को रिझाने सभी भाजपा नेता अपने अपने सर्मथकों को लेकर ताकत झोंक रहे है ।

**250 से अधिक जवान मंगाए गए सुरक्षा में**

मुख्यमंत्री के विकास यात्रा के मद्देनजर प्रशासनिक अमला पूरी मुस्तैदी के साथ जुट गया हैं जिसमें जिला पुलिस ने मुख्यमत्री की छाल, घरघोड़ा, रायगढ़ के साथ साथ सारंगढ़ में विकास रथ के साथ विशाल आम सभा है। जिसमें लोगों की भीड़ काफी अधिक आने की संभावना है। इसे देखते हुए वीआईपी सुरक्षा के लिए जिला पुलिस पुलिस मुख्यालय से 250 से अधिक जवानों की मांग की है। इसमें अधिकारी भी शमिल होगें।

**पोस्टर से पटा चौक-चौराहा**

विकास यात्रा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री जिले में 5 दिन उपस्थित रहेगें। जिसमें आम सभा से लेकर जनहित के कई कार्यो का लोकार्पण शिलान्यास के साथ जिले में विकास की सौगाम देने की प्रबल संभावना है। वही चुनावी वर्ष होने के कारण नेताओं ने मोर्चा संभाले है। वही प्रदेश के मुख्या का स्वागत सतकार चमक धमक के लिए शहर व जिन स्थनों में सभा के साथ विकास रथ गुजरेगी वहां पोस्टर बैनर से पट चुका है। आलम यह है कि चौक चौराहें नेताओं के होडिंग लग चुके है।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

# जमीन खो चुके किसानों के जमीर की लड़ाई

## तुतीकरण के शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी

रायगढ़। विरोध कैसा भी हो जब अंग्रेज डर के मारे भाग गए तो यह जायज मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन व् इंकलाब से भरे स्थल हड़ताल चौक छपोरा में चल रहे लगातार आंदोलन का 65 वां दिन और क्रमिक भूख हड़ताल का 9 दिन मे जनता का लगातार प्रतिकार दिखाई दे रहा है।

मातृभूमि के सेवक बनकर कृषि



उत्पादन करने वाले किसान अपने अधिकारों को लेकर आज आंदोलनरत है, जिन्होंने अपने पूर्वजों की पूंजी को खोने का दुख और सरकारी महकमे से धोखा खाना अब लगातार उन्हें आक्रोशित कर रहा है। जहां एक किसान खेती करते हुए अपने परिवार का पालन पोषण करता था, वही अपनी जमीन खोने के पश्चात् पुनर्वास का लाभ ना मिलने पर सड़क पर आंदोलनरत है। वही कृषि योग्य भूमि अधिग्रहित होने के पश्चात् किसी रोजगार की व्यवस्था न होने से क्षेत्र के युवा खाली बैठे हैं, क्षेत्र के प्रभावित अपनी बेगारी के कारण सामाजिक एवं आर्थिक विकास रुका हुआ है। यह एक सामाजिक विकास को अवरुद्ध करने का कारण बन रहा है। एनटीपीसी-लारा परियोजना के बनने के पश्चात् क्षेत्र की जनता जहां बेरोजगारी का शिकार है, वही कुछ दिनों के पश्चात् संयंत्र चालू होने पर प्रदूषण का शिकार भी हो जाएगी। यह बड़ी विडंबना है कि प्रभावित अपनी जमीन खो दे, बेरोजगारी जिले और प्रदूषण का भी शिकार हो। क्या यह एनटीपीसी लारा का प्रभावितों पर चौतरफा अत्याचार कहा जा सकता है? इन अत्याचारों का लगातार का प्रतिकार करते हुए आज आंदोलनकारियों ने तमिलनाडु प्रदेश के तुतीकरण में उद्योगिक प्रदूषण का विरोध करने वाले नागरिको के ऊपर पुलिस गोली चालन से 11 शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि दी और घायल नागरिको के स्वस्थ लाभ की कामना करते आंदोलनकारियों ने इसे कायराना हरकत बताया और निडर रहकर मांगे पूरी होने तक अपने आंदोलन को जारी रखने का निर्णय लिया।

आंदोलन के अंतिम क्षण में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री प्रेम कुमार समर्थन प्राप्त हुआ, क्षेत्र के जनता कांग्रेस के नेता विभास सिंह के संदेश को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि हम समर्थन में विश्वास नहीं रखते हैं, हम आंदोलन में विश्वास रखते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर अगली बार हम जनता कांग्रेस के सदस्य आर-पार की लड़ाई लड़ते हुए एनटीपीसी संयंत्र की ओर कूच करेंगे।

प्रश्न पूछने की क?ी में प्रशासन से पूछा की जमीन अधिग्रहण के नियम जब बदले नही जा सकते है तो पुनर्वास के नियम को सफेदा लगा कर भी नही मिटा सकेंगे? तो फिर इसके लाभ लेने के लिए बस किसानो को अदालतों में भेजे जाने का जिम्मेदार कौन, जवाब जरूर चाहिए जिले की जनता को।

